# बारिश से सड़कों पर भरा पानी, मौसम में आई ठण्डक



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 सितम्बर.** गुरुवार की रात से शुरू हुई बारिश शुक्रवार को भी जारी रही। इसके कारण एक ओर जहां सड़कों पर जलभराव की समस्या बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर मौसम में ठण्ड़क घुल गई है। शुक्रवार को सुबह मौसम विभाग ने 10 मि.मी बारिश दर्ज की। वर्तमान समय में ग्वालियर में 1370 मि.मी बारिश दर्ज की जा चुकी है। लगातार हो रही बारिश के कारण न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री है जिससे मौसमखुशनुमा बना हुआ है। गुरुवार की रात को 11.30 बजे तक 3.2 मि.मी बारिश दर्ज की गई, जबकि सुबह 5.30 बजे तक 6.2 मि.मी बारिश दर्ज की गई।

शहर में हो रही बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वहीं लगातार बारिश ने ठण्ड़क घोल दी है, इसके कारण मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सितम्बर के तीसरे सप्ताह तक रूक-रूक कर बारिश जारी रहेगी। लगातार हो रही बारिश ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल हुई जोरदार बारिश के कारण सर्दी भी अधिक पढ़ेगी। साथ ही इस बार अक्टूबर माह से ही सर्दी का असर दिखना प्रारंभ हो जाएगा।

## ऊर्जा मंत्री ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त के साथ जल भराव वाले स्थानो का किया निरीक्षण

ग्वालियर 5 सितम्बर. प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज शुक्रवार को उपनगर ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 8 एवं 5 में जल भराव वाले क्षेत्र नरसिंह नगर एवं आदिवासी बस्ती, आनंद नगर, तिकोनिया पार्क, उपाध्याय कॉलोनी का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को जल निकासी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं अमला मौजूद रहा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 8 स्थित नरसिंह नगर क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए जल भराव की स्थिति देखी तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल जल निकासी कराने के निर्देश दिए ओर कहा कि जब तक बरसात हो रही तब तक अस्थाई रूप से पंप लगाए तथा पी एच ई कालोनी में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पर तीनों पंप चालू रखे तथा वहां एक कर्मचारी को मॉनिटरिंग के लिए बैठाए। इसके साथ ही सीवर लाइनों की प्रॉपर सफाई कराएं। इसके साथ ही मल्लगढ़ा थाने के पास स्थित आदिवासी बस्ती का निरीक्षण किया



तथा निरीक्षण के दौरान बस्ती में स्थित झुग्गियों में जल भराव की स्थिति देखी एवं झोपड़ियों में बरसात का पानी जाने पर तत्काल उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। जिस पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल तिरपाल खरीद कर झोपड़ियों पर डलवाए जिससे बरसात का पानी इनकी झुग्गी झोपड़ी में न जा पाए। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जहां-जहां चैंबर खुले हैं उन पर तत्काल ढक्कन लगाया जाए, तथा जहां भी रोड़ों पर अंधेरा है वहां अस्थाई रूप से स्ट्रीट लाइट लगाकर व्यवस्था की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 5 में आनंद नगर में डबल रोड पर जलभराव होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा आनंद नगर नाले की तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए, जिससे बरसात में जल भराव न हो। इसके साथ ही आनंद नगर में लगने वाली सब्जी मंडी से होने वाली अव्यवस्था के कारण अन्य किसी स्थान पर लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सूरज सुंदरम गार्डन के पास में रोड पर कचरा मिलने पर नाराजगी व्यक्ति तथा प्रतिदिन साफ सफाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आनंद नगर ए ब्लॉक तिकोनिया पार्क के पास जल भराव की स्थिति अत्यधिक मिलने पर नाराजगी व्यक्त की.

## जिले में अब तक 1163 मिमी . वर्षा

ग्वालियर 5 सितम्बर .ग्वालियर जिले में इस साल के मानसून में रिकॉर्ड बारिश हो रही है। शुक्रवार 05 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 1163 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। पिछले साल इस अवधि में लगभग 740 .9 मिमी . वर्षा हुई थी। इस प्रकार पिछले साल से 422 .1 मिमी ज्यादा वर्षा हो चुकी है। ज्ञात हो जिले की सामान्य औसत वर्षा 751 .2 मिमी . है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस साल मानसून में सबसे अधिक 1355 .2 मिमी . वर्षा मुरार (वर्षामापी केन्द्र ठाठीपुर) में दर्ज हुई है और सबसे कम 974 .9 मिली मीटर वर्षा चीनौर तहसील में रिकॉर्ड की गई है। जिले के वर्षामापी केन्द्र बरई घाटीगाँव में 1091 .8, डबरा में 1200 .6 व भितरवार तहसील में 1192 .6 मिमी . औसत वर्षा दर्ज हुई है। पिछले साल इस अवधि में मुरार में 787 .4, घाटीगाँव में 919 .6, डबरा में 755 .9, भितरवार में 747 एवं चीनौर में 494 .7 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई थी। बता दें मुरार तहसील (ग्वालियर शहर) की औसत वर्षा 845 .28 मिमी ., घाटीगाँव तहसील की 596 .58, डबरा की 798 .96, भितरवार की 763 .98 एवं चीनौर तहसील की औसत वर्षा 751 .30 मिमी . है। इस प्रकार ग्वालियर जिले की औसत सामान्य वर्षा 751 .2 मिमी . है।

## महाराज बाड़े पर धंसकी सड़क की हुई मरम्मत



ग्वालियर। महाराज बाड़ा क्षेत्र के टाउन हॉल के सामने स्मार्ट सिटी द्वारा बनाए गए पेडेस्ट्रियन जोन के धंसके हिस्से की मरम्मत कर उसे चलने लायक बनाया गया है। एक दिन पूर्व महाराज बाड़ा क्षेत्र के टाउन हॉल के सामने स्मार्ट सिटी द्वारा बनाए गए पेडेस्ट्रियन जोन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके चलते इस भाग में एक गहरा गड्ढा बन गया था। इसकी जानकारी मिलते ही कलेक्टर रुचिका चौहान व निगमायुक्त संघ प्रिय ने निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को तुरंत इस क्षतिग्रस्त हिस्से को ठीक करने के लिए निर्देशित किया था। निर्देश के 24 घंटे के अंदर इस क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत के लिए नगर निगम ने अपनी जेसीबी मशीनों को ठेकेदार एलएनटी कंपनी को दिया। इसके बाद एलएनटी द्वारा मरम्मत की गई। क्षतिग्रस्त क्षेत्र के पास की पानी की लाइन को जांचने के लिए भी निगम पीएचई को निर्देशित किया गया है। ताकि इस क्षेत्र में कोई अंदरूनी लीकेज हो तो उसे समय रहते ठीक किया जा सके।



# प्रथम नियुक्ति से पुरानी पेंशन के लिए किया सामूहिक उपवास

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 सितम्बर.** नेशनल मूवमेंट फोर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रांताध्यक्ष परमानंद डेहरिया के आह्वान पर शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर मोतीमहल परिसर में सामूहिक उपवास रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाटव ने की। मुख्य अतिथि संभागीय संयोजक निरंजन सिंह गुर्जर थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाटव ने कहा कि मध्यप्रदेश में अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 1997 से 2006 तक की गई थी। लेकिन आईएफएमएस पोर्टल पर प्रथम नियुक्ति 1 जुलाई 2018 कर दी गई है। इसलिए सभी अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में दर्ज प्रथम नियुक्ति आईएफएमएस पोर्टल पर दर्ज की जाए। इसके साथ ही सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से अवकाश नगदीकरण, ग्रेच्युटी आदि का लाभ, मृतक शासकीय सेवक के आश्रित को अधिकतम छह माह के अंदर अनुकम्पा नियुक्ति, शिक्षकों के लिये संसाधनों के अभाव में लागू की जा रही ई-अटेंडेंस व्यवस्था को अतिशीघ्र बंद करने, मध्यप्रदेश में 2005 से पूर्व नियुक्त सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने एवं सम्पूर्ण भारत में एनपीएस और यूपीएस जैसी अहितकारी पेंशन योजनाओं को बंद कर पुनः पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग शामिल हैं। उपवास में जिला संयोजक राजेंद्र सिंह जिला संयोजक, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पिप्पल, प्रदीप यादव, अमन शर्मा, सचिव मनोज बरैया, ओपी सिंह, महासचिव मानवेंद्र सिंह, डॉ. कुंअर राज कटारे, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष होतम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# ललियापुरा से लोगों को रेस्क्यू करने निगम ने भेजा दमकल दस्ता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 सितम्बर.** अलापुर बांध भर जाने के कारण इसके डूब में आए वार्ड क्रमांक 60 स्थित ललियापुरा के लोगों को रेस्क्यू करने के लिए नगर निगम ने दमकल दस्ते को भेजा है। दमकल दस्ता डूब प्रभावित लोगों को निकालने का प्रयास कर रहा है। गांव में इस समय लगभग चार फीट पानी भर चुका है, जिससे आमजन एवं मवेशियों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। कलेक्ट्रेट के पास स्थित अलापुर बांध का जलभराव क्षेत्र काफी अधिक है। अलापुर बांध में जलभराव होने के कारण इसके डूब में सिथौली स्थित भटपुरा, अलापुर गांव में पानी भर गया। पानी भरने से गांव के करीब 90 घर डूब गए। इन घरों में चार फीट तक पानी भर गया है। इसके कारण लोगों को अपने घरों को छोडकर रिश्तेदारों के घर शरण लेनी पड़ी है। वहीं जो लोग अपने घरों को छोड़कर नहीं जा पाए हैं, उन्हें रेस्क्यू करने के लिए नगर निगम के दमकल विभाग ने अपने कर्मचारियों को भेजा है। इसके साथ ही इस रेस्क्यू आपरेशन को लीड करने के लिए फायर आफिसर उमंग प्रधान, सहायक फायर ऑफिसर जगदीश राणा को भेजा गया है।





## सातऊं का पानी बहकर आता है अलापुर बांध में

स्टेटकाल के समय बनाए गए अलापुर बांध में सातऊं में हुई बारिश का पानी आकर भरता है, कई दशकों से अलापुर बांध को नहीं भरा गया था। इसके कारण इसके डूब क्षेत्र में लोगों ने अपने मकान बना लिए हैं। 32 हेक्टेयर खेती की सिंचाई के लिए बांध में रोका पानी : अलापुर बांध के नीचे क्षेत्र में 32 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई का कार्य बांध के पानी से किया जाता है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी इस बार पानी को स्टॉक कर इसका उपयोग सिंचाई के लिए करना चाहते हैं। नेता तक कर चुके हैं विरोध : वार्ड क्रमांक 60 स्थित अलापुर बांध का जलस्तर बढ़ने और लोगों के घरों के डूबने के कारण भाजपा नेता तक मौके पर पहुंचकर इसका विरोध कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी बांध का जलस्तर कम नहीं किया गया।

## जिला प्रशासन ने ललियापुरा सहित जलभराव प्रभावित बस्तियों में तत्काल राहत पहुँचाई

ग्वालियर 5 सितंबर. सिथोली के समीप स्थित ललियापुरा सहित जलभराव से प्रभावित अन्य बस्तियों के लोगों की मदद के लिए जिला प्रशासन ने त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाए हैं। ललियापुरा में जलभराव की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने एसडीएम झाँसी रोड अतुल सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजा। इसी तरह ग्राम सुसेरा सांई पुरा में जल भराव से प्रभावित लोगों की मदद के लिए जिला प्रशासन कि संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित एसडीम को निर्देश दिए हैं कि जल भराव से प्रभावित लोगों तक तात्कालिक मदद पहुंचाने के साथ-साथ जल भराव से हुए नुकसान का सर्वे भी तत्परता से करें, जिससे प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रभावित लोगों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके। एसडीएम अतुल सिंह ने बताया कि ललियापुरा में जिला प्रशासन द्वारा पेयजल, भोजन एवं अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया है। एसडीआरएफ की टीम कि मदद से बुजुर्ग व असहाय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। इनमें से कई लोग अपनी इच्छा से अपने रिश्तेदारों के घर चले गए.

## भारी बारिश के चलते स्कूलों की छुट्टी

ग्वालियर। जिले में निरन्तर हो रहीं बारिश को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने समस्त स्कूलों के नर्सरी से 12 वीं तक के छात्रों व छात्राओं एवं आंगनवाड़ी के बच्चों का अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अवकाश केवल स्कूलों के छात्रों व छात्राओं एवं आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए रहेगा।

## प्रभारी मंत्री वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

ग्वालियर 5 सितम्बर. प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर जिले में अधिक वर्षा के कारण आम जनों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिये वरिष्ट अधिकारियों से चर्चा की.

# ईद मिलादुन्नवी पर हर्षोल्लास से निकले जुलूस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 सितम्बर.** ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास से मनाई गई। ईद के मौके पर शहर में जगह-जगह जुलूस निकाले गए यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए मोती मस्जिद के पास फूलबाग मैदान में पहुंचे इसको लेकर पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। जुलूस के चलते कई जगह ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। ईद पर सागरताल से सुबह 10 बजे जुलूस निकाला गया। यह जुलूस दोपहर 1.30 बजे फूलबाग मैदान पहुंचा। इस जुलूस का मेवाती मोहल्ला, घासमंडी, बाबा कपूर किलागेट, नूरगंज, पुरानी छावनी, आनंद नगर, शंकरपुर, वीरपुरा, कुलैथ, सिगौरा, सुरैरा एकता नगर, दामोदरबाग, बहोड़ापुर, मेवाती मोहल्ला,




घोसीपुरा मुगलपुरा गोलंदाज बाबा कपूर मद्दी का बाजार, नूरगंज, ख्वाजानगर, जगन्नाथपुरा लधेड़ी, मुमूलापुरा, हवेली पिछवाड़ा, जहांगीर कटरा, कोटेश्वर, विनय नगर, गोसपुरा, गदाईपुरा, दिलावर का पुरा आदि जगह स्वागत किया गया।

स्टॉल से बांट रहे थे फल-मिठाई: इस बार का जुलूस इसलिए भी खास रहा क्योंकि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म के 1500 साल पूरे हो रहे हैं। ईद मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों और मस्जिदों को झंडों, रंग-बिरंगे बल्बों और सजावटी सामग्रियों से खास तौर पर सजाया गया है। जगह-जगह पानी, शरबत, मिठाई और फल बांटकर लोगों का स्वागत किया गया।

## दिशा की बैठक 11 को

**ग्वालियर 5 सितम्बर.** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 11 सितम्बर को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी। बैठक में रेलवे स्टेशन, अमृत भारत योजना उन्नयन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रस्तावित कार्य, सेतु निर्माण, ठाठीपुर पुनर्घनत्वीकरण योजना, प्रधानमंत्री जनमन, मुरार नदी का उन्नयन, वीरपुर बांध, मामा का बांध, हनुमान बांध व गिरवाई बांध की विशेष प्रोजेक्ट रिपोर्ट, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, कैम्पा योजना के प्रस्ताव एवं स्टार्टअप योजना के तहत इंक्यूवेशन सेंटर व कैम्पा योजना सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, ले गए जेवरात

**ग्वालियर।** परिजन नींद के आगोश में थे और घर में घुसकर चोर वारदात कर गए। अज्ञात चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवर ले गए, जिनकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए है। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के किशनबाग में बीती दरमियानी रात की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। सुहेल अली पिता साबिर अली निवासी बिजलीघर के पीछे किशनबाग बहोड़ापुर बीती रात खाना खाकर परिजनों के साथ सोने चले गए। अज्ञात चोरों ने सुहेल अली के घर के पीछे वाली खिड़की की कुंडी खोली और उसी रास्ते से अंदर घुसे। चोरों की जरा भी भनक परिजनों को नहीं लगी। चोर सुहेल अली के कमरे में रखी अलमारी तक पहुंचे और उसे खोला। अलमारी में चोरों को गहने नजर आए, जिसे समेट कर खिड़की के रास्ते निकल गए।रात में घर में घुसकर अज्ञात चोर गहने समेट ले गए हैं. इसका पता सुबह उस समय चला, जब घर वालों की नींद खुली। घर में कहीं-कहीं सामान बिखरा हुआ नजर आया। पीछे वाले कमरे की खिड़की खुली देखी तो माजरा समझ में आ गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की।

# विद्युत पेंशनर्स की रजत जयंती पर वरिष्ठ पेंशनर्स हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 सितम्बर.** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स ग्वालियर द्वारा रजत जयंती समारोह भव्य वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह के प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर डा शोभा सिकरवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम किया गया।

समारोह के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि प्रधुम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री द्वारा ऐसे पेंशनर्स जिनकी उम्र 75 वर्ष से अधिक है, उन पेंशनर्स का सम्मान शॉल और स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। लगभग 50 सीनियर पेंशनर को



वरिष्ठ पेंशनर्स सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में विधुत पेंशनर्स की स्मारिका जिसे तरंग नाम दिया गया, का भी विमोचन मुख्य अतिथि प्रधुम्न सिंह एवं अतिथियों द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में ऊर्जा मंत्री ने पेंशनर्स एसोसिएशन के विगत 25 वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए पेंशनर्स हित में किये गये प्रयासों की सराहना की।

रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष एसके जायसवाल ने एवं संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष जेपी नामदेव ने किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एसके जैसवाल द्वारा विद्युत मंडल पेंशनर्स की विभिन्न लंबित ज्वलंत और प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह को सोंपा गया जिनमें प्रमुख रूप से पेंशन की गारंटी, महंगाई राहत का भुगतान, कैशलेस हेल्थ स्कीम का शीघ्र क्रियान्वयन आदि समस्याओं के शीघ्र निदान करने की मांग की गई। कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। ग्वालियर पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों जे पी नामदेव, राजेश शर्मा, आई एम कुरेशी, मदनलाल गुप्ता, अनिरुद्ध सेन ,एस के खत्री, एन आर अतरोलिया, एस एल शाक्य, आदि ने उल्लेखनीय कार्य कर रजत जयंती समारोह को सफल बनाने में योगदान दिया।


**कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रंजीत, श्री लक्ष्मण सिंह, श्रीमती कमला बाई, एसपीआरएस सोशल फाउंडेशन (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10415858) | पटवारी हल्का संख्या 08 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 2475 वर्ग फुट है, ग्राम बागबई - संजयनगर, भितरवार, ग्वालियर, म.प्र. 475220, भारत में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल। संपत्ति क्षेत्रफलः 2475.00, 1700.00, 1360.00। | रु. 403494/- (चार लाख तीन हजार चार सौ चौरानबे मात्र) | 13/05/2025 | 03/09/2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002/ या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 06.09.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)
(CIN: L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +91 44 4564 4000, फैक्स : +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**

**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है . चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है . हम 16/09/2025 को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं . यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी . आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है . इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है .

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 154075670 | समीक्षा सतेन्द्र | दतिया एमबीएल |
| 154135761 | भरत गुर्जर | दतिया एमबीएल |
| 154215984 | समीक्षा सतेन्द्र | दतिया एमबीएल |
| 163394507 | नरेन्द्र यादव | दतिया एमबीएल |
| 166470289 | वीरेन्द्र सिंह रावत | दतिया एमबीएल |
| 166737352 | नित्या नन्द तिवारी | दतिया एमबीएल |
| 167729150 | आयुष शर्मा | दतिया एमबीएल |
| 167913474 | सौरभ कौरव | दतिया एमबीएल |
| 170375149 | राघव गुर्जर | ग्वालियर सिटी सेन्टर |
| 155077779 | बनबारी खटीक | शिवपुरी एमबीएल |

नीलामी https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से 16/09/2025 को दोपहर 12 :00 बजे से 2 :00 बजे तक/ http://gold.samil.in के माध्यम से 16/09/2025 को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी . इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ता को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सभी ब्याज और शुल्कों के साथ सुविधा वापस ली गई राशि का भुगतान करें, अन्यथा आभूषणों की नीलामी की जाएगी . कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है, तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा . यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी .

दिनांक-6/9/2025 , स्थान- मध्यप्रदेश


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95